नामांक | | | | | | |  **A**  APS-(1119) इतिहास

कुल प्रश्न संख्या-52  कुल पृष्ठ संख्या-4

# वार्षिक परीक्षा 2023-24

## कक्षा-11

## विषय-इतिहास

**समय : 3.15 घण्टा**  **पूर्णांक : 100**

***परीक्षार्थियों के लिये सामान्य निर्देश :***

*(i) सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं।*

*(ii) प्रश्नों के अंक भार उनके समक्ष अंकित हैं।*

***बहुचयनात्मक प्रश्न ( प्र.स. 1 से 12 तक प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।)***

1. मेसोपोटामिया की सबसे पुरानी भाषा कौनसी थी—

(अ) सुमेरी  (ब) अक्कदी

(स) अरामाइक  (द) अरबी

2. प्राचीन रोमन साम्राज्य का विस्तार किस महाद्वीप में नहीं था—

(अ) एशिया  (ब) यूरोप

(स) अफ्रीका  (द) आस्ट्रेलिया

3. यूरोप में विश्वविद्यालय सर्वप्रथम किस देश में स्थापित हुए—

(अ) इटली  (ब) रूस

(स) इंग्लैण्ड  (द) फ्रांस

4. 'फ्यूड' शब्द किस भाषा का है—

(अ) जर्मन  (ब) लातिनी

(स) फ्रांसीसी  (द) अंग्रेजी

5. संयुक्त राज्य अमेरिका की कौनसी सीमा खिसकती रहती थी—

(अ) पूर्वी  (ब) पश्चिमी

(स) दक्षिणी  (द) उत्तरी

6. आधुनिक चीन के संस्थापक किसे माना गया है—

(अ) सनयात सेन  (ब) ली चुंग

(स) पैरी  (द) पार्क यांग

7. टोक्यो का प्राचीन नाम है—

(अ) एदो (ब) होंशु

(स) निशिजिन (द) मैजी

8. किसे रोमन साम्राज्य का हृदय माना जाता था—

(अ) अरब सागर (ब) भूमध्य सागर

(स) काला सागर (द) अरल सागर

9. मेसोपोटामिया की लिपि कहलाती है—

(अ) कीलाक्षर (ब) संकेताक्षर

(स) देवनागरी (द) मोहर

10. चंगेज खान का प्रारंभिक नाम था—

(अ) बाटू (ब) तेमुजिन

(स) मोंके (द) गजेन

11. निम्न में से आस्ट्रेलिया के मूल देशी लोगो हेतु प्रयुक्त शब्द हैं—

(अ) बाइसन (ब) सेटलर

(स) ऐबारिजिनी (द) सिडनी

12. जापानी योद्धा वर्ग किस नाम से जाना जाता है—

(अ) सामुराई (ब) निशिजन

(स) मैजी (द) पैरी

*रिक्त स्थान ( प्र.स. 13 से 20 तक प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।)*

13. मेसोपोटामिया दजला और .................. नदियों के बीच स्थित था। 1

14. मेसोपोटामिया का प्रसिद्ध महाकाव्य .................. था। 1

15. रोमन साम्राजय में सॉलिड्स ............... का सिक्का था। 1

16. लार्ड का घर ............... कहलाता था। 1

17. 'द प्रिंस' नामक ग्रंथ .................. ने लिखा था। 1

18. अमेरिका के घास के मैदान ....................... कहलाते हैं। 1

19. जापानी संसद का नाम ......................... है। 1

20. सुनहरा गिरोह का गठन ....................... ने किया था। 1

*अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न ( प्र.स. 21 से 32 तक प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।)*

21. मेसोपोटामिया वर्तमान में किस देश में स्थित हैं ? 1

22. असुर्बनिपाल का पुस्तकालय कहाँ स्थित था ? 1

23. किस रोमन शासक का शासनकाल शांति के लिए याद किया जाता है ? 1
24. यास क्या है ? 1
25. चंगेज खान ने महान खान की उपाधि किसे प्रदान की ? 1
26. 'कुबकुर कर' क्या था ? 1
27. 'मोनालिसा' चित्र के चित्रकार कौन थे ? 1
28. आस्ट्रेलिया के अधिकांश शहर कहाँ बसे हुए हैं ? 1
29. कनाडा का कितने प्रतिशत क्षेत्र जंगलों से ढ़का हुआ है ? 1
30. बाइसन क्या था ? 1
31. जापान में पहली बार ओलम्पिक खेल कब हुए ? 1
32. कोरिया का विभाजन किस रेखा द्वारा किया गया है ? 1

***लघुत्तरात्मक प्रश्न-I ( प्र.स. 33 से 44 तक प्रत्येक प्रश्न 2½ अंक का है।)***

33. रेड इण्डियन कौन थे ? बताइए।
34. टेरा न्यूलिअस क्या है ? बताइए।
35. कन्फ्यूशियसवाद क्या था ?
36. कोरिया में शांतिपूर्ण सत्ता हस्तांतरण कब-कब हुए थे ?
37. चियांग काई शेक ने चीनी महिलाओं को किसके लिए प्रोत्साहित्त किया ?
38. सनयात सेन के बारे में लिखिए।
39. जापानी भाषा में किन लिपियों का प्रयोग होता है ?
40. यूरोप में धर्म सुधार आंदोलन के दो प्रभाव बताइए।
41. मार्चिसा ईसाबेला इस्ते कौन थी ?
42. कॉपरनिकस क्रांति से पूर्व पृथ्वी के बारे में क्या धारणा थी ?
43. फ्रायर और मोंक में क्या अन्तर था ?
44. चंगेज खान को महान मंगोल सम्राट क्यों माना जाता है ?

***दीर्घउत्तरात्मक प्रश्न ( प्र.स. 45 से 49 तक प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है।)***

45. रोमन साम्राज्य की प्रमुख संस्थाएँ कौनसी थी ? विस्तार से लिखिए।

अथवा

रोमन समाज की प्रमुख विशेषताओं का विस्तार से वर्णन कीजिए।

46. मेनर क्या थी ? इसकी प्रमुख विशेषताएँ बताइए।

अथवा

नाइट्स कौन थे ? लॉर्ड से उनके संबंधों पर विस्तार से बताइए।

47. आस्ट्रेलिया में मानव विकास के इतिहास को समझाइए।

अथवा

'आँसुओं की राह' से आप क्या समझते हैं ?

48. संयुक्त राज्य अमेरिका में दास प्रथा का प्रचलन क्यों हुआ तथा यह किस प्रकार समाप्त हुई?

अथवा

यूरोपवासियों द्वारा नयी दुनिया के देशों को दिए नामों के बारे में लिखिए।

49. जापान की भौतिक भौगोलिक विशेषताएँ बताइए।

अथवा

जापान में मेजी सरकार द्वारा 'सम्राट व्यवस्था' को किस प्रकार पुनर्निर्माण किया गया?

***निबन्धात्मक प्रश्न ( प्र.सं. 50 से 52 तक प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का है।)***

50. ताइवान के बारे में विस्तार से लिखिए।

अथवा

चीन और जापान द्वारा आधुनिकीकरण हेतु अपनाए गए मार्गों का विस्तार से वर्णन कीजिए।

51. गोल्ड रश से आप क्या समझते है ? संयुक्त राज्य अमेरिका के आर्थिक विकास में इसके योगदान को समझाइए।

अथवा

यूरोपीय लोगों और अमेरिका के मूल निवासियों का एक दूसरे के प्रति क्या दृष्टिकोण था?

52. विश्व के रेखा मानचित्र में निम्नलिखित को अंकित कीजिए-

(i) चीन (ii) जापान

(iii) कोरिया (iv) ताइवान

अथवा

विश्व के रेखा मानचित्र में निम्नलिखित को अंकित कीजिए-

(i) कनाडा (ii) जापान

(iii) आस्ट्रेलिया (iv) सं.रा. अमेरिका